KURUKSHETRA UNIVERSITY, KURUKSHETRA
*(Established by the State Legislature Act XII of 1956)*
("A+" Grade, NAAC Accredited)

NOTIFICATION

In supersession to this office Endst. No. ACR-2/9(viii)/21/15329-15409 dated 11.08.2021, keeping in view the instructions of the Director Higher Education, Haryana vide letter No. DHE-010019/6/2020-Coordination-DHE dated 05.10.2021, the Hon'ble Vice-Chancellor has approved the revised the Schedule of Academic Calendar for Undergraduate and Postgraduate Courses for UTDs/Institutes and affiliated Colleges for the Session 2021-22 as under:-

FOR UNDER-GRADUATE COURSES

| EVENT | DURATION |
|---|---|
| | Odd Semester |
| Teaching Term | 25.10.2021 to 22.02.2022 |
| Vacations (Diwali) | 31.10.2021 to 07.11.2021 |
| Examinations | 23.02.2022 to 31.03.2022 |
| Vacations (Holi) | 14.03.2022 to 20.03.2022 |
| | Even Semester |
| Teaching Term | 01.04.2022 to 19.07.2022 |
| Examinations | 20.07.2022 onwards |

FOR POST-GRADUATE COURSES

| EVENT | DURATION |
|---|---|
| | Odd Semester |
| Teaching Term | 28.10.2021 to 22.02.2022 |
| Vacations (Diwali) | 31.10.2021 to 07.11.2021 |
| Examinations | 23.02.2022 to 31.03.2022 |
| Vacations (Holi) | 14.03.2022 to 20.03.2022 |
| | Even Semester |
| Teaching Term | 01.04.2022 to 19.07.2022 |
| Examinations | 20.07.2022 onwards |

* Examinations be completed of each class within 25-30 days and the evaluation of Answer Books, etc. be got done in remaining days and during Vacations.

Note :
1. The next academic Session 2022-23 will start from 16.08.2022.
2. The Classes will be commenced w.e.f. 25.10.2021 in Undergraduate Courses & 28.10.2021 in Postgraduate Courses in online/offline mode as per situation.
3. The examinations for ongoing PG III Semester courses in UTDs/Institutes will be held 01.12.2021 to 31.12.2021. The practical examinations (Viva-Voce/Training Report) of the same shall be conducted internally by the Chairperson of the Department concerned before the theory examinations in online/offline mode as per situation.

...ted to be true copy

Principal
Dayan... ...a Mahavidyala
Kurukshetra (Haryana)

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

If the number of teaching days falls less than 180 days (90 days in each semester) in the academic session 2021-22 due to some unforeseen reasons, it would be the responsibility of each Department/Institute/College to make good the loss by arranging extra classes.

REGISTRAR

Endst. No. ACR-2/9(viii)/21/ 19844 - 943 Dated: 25.10.2021

Copy of the above is forwarded to the following for information and necessary action:

1. Secretary to the Governor, Haryana, Raj Bhavan, Chandigarh (for kind information of the Hon'ble Chancellor).
2. Director General Higher Education Haryana, Plot No. 1-8, 1-9, Shiksha Sadan, Sector-5, Panchkula.
3. Dean Academic Affairs.
4. All the Deans of the Faculties, KUK.
5. Dean Students' Welfare.
6. Dean Research & Development
7. Dean of Colleges, KUK (with the request to inform all the affiliated Colleges/Institutes).
8. Proctor.
9. Chairpersons/Directors of all the University Teaching Departments/Institutes.
10. Principal, IIHS, KUK
11. Principals/Directors of all the affiliated Colleges/Institutes.
12. Registrars, M.D. University, Rohtak; G.J.U.S.&T. Hisar; Ch. Devi Lal University, Sirsa; BPSMV, Khanpur Kalan (Sonepat), Indira Gandhi University, Meerpur, Rewari, Ch. Ranbir Singh University, Jind and Ch. Bansi Lal University, Bhiwani, Gurugram University Gurugram, Maharishi Balmiki Sanskrit University, Kaithal.
13. Director Public Relations, KUK.
14. Controllers of Examinations-I and II, KUK
15. Director, IT Cell, KUK (with the request to get it uploaded on the University Website).
16. Assistant Registrar (Accounts)
17. O.S.D. to the Vice-Chancellor (for kind information of the Hon'ble Vice-Chancellor).
18. Superintendent O/o the Registrar (for kind information of the Registrar).
19. Supdt. (Planning/Registration/Fee Section/Conduct (Theory & Practical).

25/10/21

Deputy Registrar (Academic)
for Registrar

Attested to be true copy

Principal
Dayanand Mahila Mahavidyala
Kurukshetra (Haryana)

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

ओ३म्

# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र

(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त)

**आर्य युवती परिषद् एवं आई. क्यू. ए. सी.**

के तत्त्वावधान में

## पंचदिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला

विषय : *वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वैदिक शिक्षा दर्शन की उपयोगिता*

**22 अप्रैल से 27 अप्रैल, 2022 तक**

### आमन्त्रित विशेषज्ञ विद्वान्

22 अप्रैल, 2022 – प्रो. रूपकिशोर शास्त्री
कुलपति, गुरुकुल कांगड़ी
समविश्वविद्यालय, हरिद्वार

23 अप्रैल, 2022 – स्वामी [illegible]
संस्थापक, [illegible] क्षेत्र

25 अप्रैल, 2022 – प्रो. [illegible]
प्रोफेसर, संस्कृत विभाग
महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक

26 अप्रैल, 2022 – डॉ. वागीश आचार्य
प्राचार्य, आर्ष गुरुकुल महाविद्यालय, एटा

कार्यशाला में आमन्त्रित विशेषज्ञ विद्वान् वक्ता का वक्तव्य प्रतिदिन अपराह्न 1.00 से 2.30 बजे तक होगा।

सादर

सुमन राजन (डॉ.)
संयोजिका, आर्य युवती परिषद

अंजु चावला
संयोजिका, आई. क्यू. ए. सी.

[illegible] शर्मा (डॉ.)
प्राचार्या

Attested to be true copy

Coordinator
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

Principal
Dayanand Mahila Mahavidyalaya

ओ३म्

# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र

(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त)

## आर्य युवती परिषद् एवं आई. क्यू. ए. सी.

द्वारा आयोजित

# पंचदिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला

**विषय : *वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वैदिक शिक्षा दर्शन की उपयोगिता***

का

# समापन समारोह

बुधवार 27 अप्रैल 2022 प्रातः 10 बजे

स्थानः पण्डित [illegible] विद्यार्थी सभागार

मुख्य अतिथि – माननीय आचार्य देवव्रत जी
महामहिम राज्यपाल, गुजरात

विशिष्ट अतिथि – श्री नायब सिंह सैनी जी
सांसद, कुरुक्षेत्र

प्रवर अतिथि – श्री सुभाष सुधा जी
विधायक, थानेसर

समापन समारोह में अधिकृत प्रतिभागी कृपया समय से 15 मिनट पूर्व अपना स्थान ग्रहण कर लें।

सादर

| सुमन राजन (डॉ.) | अंजु चावला | विजेश्वरी शर्मा (डॉ.) |
|---|---|---|
| संयोजिका, आर्य युवती परिषद | संयोजिका, आई. क्यू. ए. सी. | प्राचार्या |

Attested to be true copy
Principal
Dayanand Mahila Mahavidyala
Kurukshetra (Haryana)

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

## Dayanand Mahla Mahavidyalaya, Kurukshetra

**Notice (2021-22)** **Date: 21.04.2022**

सभी प्राध्यापिकाओं को सूचित किया जाता है कि Faculty Development Programme के अन्तर्गत पंचदिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला कल दिनांक 22.04.2022 से प्रारम्भ हो रही है। अतः दिनांक 22.04.2022 से दिनांक 26.04.2022 तक प्रतिदिन प्रत्येक पीरियड की समयावधि 30 मिनट होगी। आप सभी सेमिनार हॉल में प्रतिदिन दोपहर 12:45 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें। इसकी अनुपालना अनिवार्य है।

Principal
प्राचार्या Dayanand Mahla Mahavidyalaya
Kurukshetra (Haryana)

संयोजिकाएं
श्रीमती अंजु चावला – आई० क्यू० ए० सी०
डॉ० सुमन राजन – आर्य युवती परिषद

| | | |
|---|---|---|
| **English** | **Commerce** | **Mathematics** |
| Dr. (Mrs.) Deepa | Mrs. Meenakshi Thakral | Dr. (Mrs.) Upasana Ahuja |
| Dr. (Mrs.) Neha | Mrs. Anju Chawla | Mrs. Prabhjot Kaur |
| Dr. (Mrs.) Ritu | Mrs. Sapna Arora | Ms. Sukriti |
| Mrs. Reena | Mrs. Sudha Sethi (T.W.I.) | Ms. Garima |
| Ms. Vinita | Mrs. Veenu Madan | **Chemistry** |
| Dr. (Mrs.) Alka | Dr. (Mrs.) Geetanjali | Mrs. Asha Malik |
| Ms. Tanu Bura | Mrs. Manisha | Ms. Deepika |
| Ms. Parveen | Ms. Garima | Mrs. Rajwant |
| **Hindi** | Ms. Jyoti | **Physics** |
| Dr. (Mrs.) Manjeet Kaur | Ms. Reena | Mrs. Suman Rani |
| Dr. (Mrs.) Seema Singh | Ms. Sobiya | Mrs. Kiran |
| Dr. (Mrs.) Arti Aggarwal | Mrs. Monika | Ms. Mahak Rojra |
| **Sanskrit** | **Physical Edu.** | **Computers** |
| Dr. (Mrs.) Suman Rajan | Dr. (Mrs.) Anu Chauhan | Mrs. Bhavana |
| Dr. Reeja | **Economics** | Mrs. Shilpa |
| **Music (V)** | Dr. Himani | Ms. Neetu |
| Dr. (Mrs.) Shalu Rani | Ms. Pratiksha | Ms. Rekha Rani |
| **Music (I)** | **Home Science** | **Tourism** |
| Mrs. Geetu Saini | Dr. (Mrs.) Shweta Saini | Ms. Manisha |
| **Psychology** | Ms. Upasana | **Librarian** |
| Mrs. Urmila Singh | **Fashion Designing** | Dr. Pooja Sharma |
| Dr. (Mrs.) Urmila Panghal | Mrs. Akanksha | |
| **Political Science** | **Punjabi** | |
| Mrs. Saroj Bala | Dr. Sonia Rani | |
| **History** | | |
| Dr. (Mrs.) Rukmesh | | |

Attested to be true copy

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kuruk...

Princi...

Gmail Dayanand Mahila Mahavidyalaya <dmmkkr2010@gmail.com>

**Invitation**

1 message

**Dayanand Mahila Mahavidyalaya** <dmmkkr2010@gmail.com> Sat, Apr 23, 2022 at 3:45 PM

To: aajsamajkkr <aajsamajkkr@gmail.com>, vikasbattan <vikasbattan@gmail.com>, ashnpawan11 <ashnpawan@gmail.com>, vishalnewsman <vishal.newsman@gmail.com>, jagmargnews <jagmargnews@gmail.com>, dainikjagrankkr <dainikjagrankkr@gmail.com>, aroravinodkkr <aroravinodkkr@gmail.com>, ujalakkr <ujalakkr@gmail.com>, kanwarsanjeev76 <kanwarsanjeev76@gmail.com>, barnadevilal <barna.devilal@gmail.com>, vedkkr <vedkkr@gmail.com>, vijayshahkkr <vijayshahkkr@gmail.com>

दिनांक 23.04.2022

आप सभी को सहर्ष सूचित किया जाता है कि दयानन्द महिला महाविद्यालय में 22 अप्रैल 2022 से आरंभ की गई पचदिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला के समापन अवसर पर 27 अप्रैल 2022 को गुजरात के महामहिम राज्यपाल, आचार्य देवव्रत जी मुख्य अतिथि के रूप में पधार रहे हैं। इस अवसर पर आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

प्राचार्या

दयानन्द महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र

Attested to be true copy

Principal

Dayanand Mahila Mahavidyala

Kurukshetra (Haryana)

Convener

IQAC

Dayanand Mahila Mahavidyalaya

Kurukshetra

# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र

नैक द्वारा ग्रेड 'ए' प्रदत्त

## पंचदिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला

**विषय: वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वैदिक शिक्षा दर्शन की उपयोगिता**

**समापन समारोह: पल-प्रतिपल कार्यक्रम**

## मुख्य अतिथि: आचार्य देवव्रत जी, महामहिम राज्यपाल, गुजरात

**दिनांक 27.04.2022 प्रात: 10:00 बजे**

| क्रमांक | कार्यक्रम | समय |
|---|---|---|
| 1. | मुख्य-अतिथि का आगमन एवं स्वागत | 10:00 |
| 2. | एन.सी.सी. टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर | 10:05-10:08 |
| 3. | जलपान | 10:08-10:18 |
| 4. | राज्यपाल महोदय का कार्यक्रम स्थल पर आगमन | 10:18-10:20 |
| 5. | दीप प्रज्ज्वलन वेद मंत्रों के साथ | 10:20-10:22 |
| 6. | स्वागत गीत | 10:22-10:25 |
| 7. | मुख्य-अतिथि का स्वागत, प्रधान, प्रबंधक समिति | 10:25-10:30 |
| 8. | कार्यशाला विवरण (कार्यशाला संयोजिका) | 10:30-10:33 |
| 9. | उद्बोधन श्री सुभाष सुधा, विधायक, थानेसर | 10:33-10:38 |
| 10. | उद्बोधन श्री नायब सिंह सैनी, सांसद, कुरुक्षेत्र | 10:38-10:43 |
| 11. | उद्बोधन महामहिम राज्यपाल महोदय | 10:43-....... |
| 12. | स्मृतिचिन्ह | 2 मिनट |
| 13. | धन्यवाद ज्ञापन - प्राचार्या | 3 मिनट |
| 14. | राष्ट्रगान | |

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

Attested to be true copy

Principal
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra (Haryana)

# Duties for Five Days National Educational Workshop

## (22.04.2022 to 27.04.2022)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Reception | Conveners | Mrs. Anju Chawla<br>Dr. Suman Rajan | |
| 2 | Announcement | 22.04.2022<br>23.04.2022<br>25.04.2022<br>26.04.2022<br>27.04.2022 | Dr. Suman Rajan<br>Dr. Arti<br>Dr. Reeja<br>Dr. Urmila Panghal<br>Mrs. Anju Chawla | |
| 3 | Ved Mantra Swagat Geet | 22.04.2022<br>&<br>27.04.2022 | Dr. Shalu<br>Mrs. Geetu | Sh. Suraj Pal<br>(Tabla Player) |
| 4 | Deep Prajawalan | 22.04.2022<br>27.04.2022 | Dr. Upasna<br>Dr. Anu Chauhan | Assist Smt. Vatsala |
| 5 | Printing of Banner and Invitation Card | | Dr. Suman Rajan<br>Mrs. Anju Chawla | |
| 6 | Stage Setting (Sound System Name Plates Stage seating Decoration/ Banner) | All Five Days | Dr. Urmila Panghal<br>Mrs. Sapna<br>Dr. Seema | Assist Sh. Jaswant, Mr. Bantu, Smt. Mahedero, Smt. Babli, Mr. Sunil, Smt. Kusum |
| 7 | Decoration | 27.04.2022<br>All Five Days | Dr. Neha<br>Ms. Reena<br>Ms. Upasna (Home Sci.) | |
| 8 | Seating Arrangement (Special Seats for Raj Bhawan Guests) | 27.04.2022 | Mrs. Minakshi<br>Mrs. Rukmesh<br>Dr. Manjeet<br>Ms. Sohiya | Assist Sh. Jaswant, Mr. Bantu, Smt. Mahedero, Mr. Ravi, Smt. Vidya, Smt. Kusum |
| 9 | Refreshments | 27.04.2022<br>All five days<br>27.04.2022 | Dr. Shweta<br>Dr. Himani<br>Mrs. Asha (Sei.) | Assist Mrs. Ishro, Mrs. Ritu |
| 10 | Press Note | All five days<br>27.04.2022 | Dr. Seema<br>Dr. Reeja<br>Mrs. Minakshi + Mrs. Reena<br>Dr. Ritu | |
| 11 | Bouque/Mementoes (Purchasing/Banner/ Cards Invitation) | All five days | Mrs. Anju Chawla<br>Dr. Suman Rajan<br>Dr. Upasna<br>Dr. Anu Chauhan | |
| 12 | Photography/ Videography (with Geeta...) | 22.04.2022 -<br>26.04.2022<br>Dahiya Studio<br>27.04.2022<br>Sangeet Studio | Dr. Suman Rajan<br>Mrs. Anju Chawla | |

Attested to be true copy

Principal
... Mahila Mahavidyala

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kuru...

Contd...2

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13 | Discipline | All five days<br>27.04.2022 | Mrs. Urmila Singh<br>Mrs. Prabhjot Kaur<br>Dr. Deepa<br>Dr. Geetanjali<br>Ms. Vinita<br>Mrs. Alka<br>Mrs. Saroj<br>Mrs. Veenu<br>Mrs. Rajwant<br>Mrs. Suman<br>All Other Staff members will perform Discipline Duty | |

Principal

Principal
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra (Haryana)

Attested to be true copy

Principal
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra (Haryana)

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

# NAAC Accredited Grade 'A'

# Dayanand Mahila Mahavidyalaya, Kurukshetra

## Duty for the Valedictory Session of Five Days

## National Educational Workshop

Date 23.04.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Gaurd of Honour | Mrs. Sudha Sethi<br>Ms. Vinita |
| 2. | Pushp Varsha | Mrs. Pooja<br>Mrs. Kiran<br>Mrs. Suman<br>Ms. Sobiya<br>Ms. Jyoti<br>Ms. Sukriti |

Attested to be true copy

Principal
Dayanand Mahila Mahavidyala
Kurukshetra (Haryana)

Principal
Principal
Dayanand Mahila Mahavidya
Kurukshetra (Haryana

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

## दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र
## प्रैस–नोट

दिनांक 21.04.2022

### दयानन्द महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन

दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र की आर्य युवती परिषद् एवं आई0 क्यू0 ए0 सी0 द्वारा Faculty Development Programme के अंतर्गत पाँच दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन 22.04.2022 से प्रारम्भ होकर 27.04.2022 तक किया जा रहा है। इस कार्यशाला का विषय 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वैदिक शिक्षा दर्शन की उपयोगिता' है। इस कार्यशाला में महाविद्यालय की शिक्षिकाएं और छात्राएं प्रतिभागी होंगी। हमारा महाविद्यालय स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है। इस संस्थान को स्थापित हुए 40 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। विगत 40 वर्षों में इस संस्थान ने कुरूक्षेत्र जिले के शहरी और ग्रामीण अंचल में बेटियों को शिक्षा के द्वारा सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हुए शिक्षा और कीडा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। इसी वर्ष राष्ट्रीय मूल्यांकन एव प्रत्यायन परिषद (National Assessment and Accreditation Council) ने इस महाविद्यालय को अपने मूल्यांकन और प्रत्यायन में प्रतिष्ठित 'ए' ग्रेड प्रदान किया है। इस पांचदिवसीय कार्यशाला में वैदिक दर्शन के मर्मज्ञ विद्वान् अपने–अपने व्याख्यान देंगें। दिनांक 27 अप्रैल 2022 को कार्यशाला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि माननीय आचार्य देवव्रत जी, महामहिम राज्यपाल, गुजरात पधारेंगे। महामहिम राज्यपाल जी वैदिक शिक्षा दर्शन तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर विशेष प्रकाश डालेंगे। आमन्त्रित विद्वान् प्रो0 रूप किशोर शास्त्री (कुलपति, गुरूकुल कांगडी समविश्वविद्यालय, हरिद्वार), स्वामी विदेह योगी (संस्थापक, स्वस्ति पथ, कुरूक्षेत्र), प्रो0 सुरेन्द्र कुमार (प्रोफेसर संस्कृत विभाग, महर्षि दयानन्द महिला महाविद्यालय, रोहतक) एवं डॉ0 वागीश आचार्य (प्राचार्य, आर्य गुरूकुल महाविद्यालय, एटा) रहेंगें।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री नायब सिंह सैनी, सांसद, कुरूक्षेत्र तथा प्रवर अतिथि श्री सुभाष सुधा, विधायक, कुरूक्षेत्र रहेंगें। महाविद्यालय समय–समय पर अपनी छात्राओं और शिक्षक तथा गैर–शिक्षक वर्ग के लिए इस प्रकार की शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।

Attested to be true copy
Principal
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra (Haryana)
Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र
## प्रैस--नोट

दिनांक 22.04.2022

आज दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र में आई0 क्यू0 ए0 सी0 एवं आर्य युवती परिषद के संयुक्त तत्वाधान में पांच दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला, 'वर्तमान परिपेक्ष्य में वैदिक शिक्षा दर्शन की उपयोगिता' का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो0 रूपकिशोर शास्त्री, कुलपति, गुरूकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय, हरिद्वार के द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर इनके साथ महाविद्यालय प्रबंधक समिति के प्रधान डॉ0 राजेन्द्र विद्यालंकार, डॉ0 श्वेतांक, संयुक्त कुलसचिव, गुरूकुल कांगड़ी, हरिद्वार, प्राचार्या डॉ0 विजेश्वरी शर्मा, कार्यक्रम की संयोजिकाएं श्रीमती अंजु चावला व डॉ0 सुमन राजन उपस्थित रहे।

आर्य युवती परिषद की संयोजिका डॉ0 सुमन राजन ने मुख्य अतिथि एवं मंचासीन विद्वानों का औपचारिक परिचय दिया। प्रबधक समिति के प्रधान डॉ0 राजेन्द्र विद्यालंकार व प्राचार्या महोदया ने मुख्य अतिथियों को पौधा भेंट करके स्वागत किया। मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए डॉ0 राजेन्द्र विद्यालकार ने कहा कि प्रो0 रूपकिशोर जी ने पांच वर्षो तक 'महर्षि सान्दीपनी राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन' में सचिव पद पर रहते हुए वैदिक संस्कृति के प्रचार–प्रसार के लिए उल्लखनीय कार्य किया। उन्होंने 'व्यक्ति के प्रति उदार ओर सिद्धांत के प्रति दृढ' रहते हुए वेद शास्त्रों के ज्ञाता के रूप में निरन्तर कार्य किया और गुरूकुल कांगडी समविश्वविद्यालय, हरिद्वार को नई ऊंचाईयाँ प्रदान की हैं।

कार्यशाला के प्रथम दिन के व्याख्याता के रूप में अपने विचार रखते हुए प्रो0 रूपकिशोर ने सभी स्टाफ सदस्यों ओर छात्राओं को दयानंद महिला महाविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से जुड़े होने पर बधाई दी और महाविद्यालय प्रांगण में छात्राओं एवं प्राध्यापिकाओं के आचरण और उनके व्यवहार में परिलक्षित होते हुए स्वामी दयानन्द शिक्षा दर्शन के लिए उन्हें साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि वैदिक शिक्षा दर्शन और स्वामी दयानंद सरस्वती एक दूसरे के पर्याय हैं। लगभग 2500 वर्षो के पश्चात दयानंद सरस्वती जैसे तेजस्वी व क्रांतिकारी समाज सुधारक भारत में हुए, जिन्होंने वेदों के माध्यम से शिक्षा में नए दर्शन की स्थापना की।

Attested to be true copy
Principal
Dayanand Mahila Mahavidyala
Kurukshetra (Haryana)
Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

नई शिक्षा नीति – 2020 के प्रारूप में दयानंद सरस्वती के वैदिक शिक्षा दर्शन का अहम योगदान है। 'सत्यार्थ प्रकाश' के तृतीय समुल्लास के माध्यम से उन्होंने उस समय के भारत में 'समुचित शिक्षा नीति' का प्रणयन कर दिया था। उन्होंने कहा कि वैदिक दर्शन हमेशा ही माँ, पिता व गुरू के सम्मान पर बल देता है और समाज में उनकी महता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने शतपथ ब्राह्मण के 'मातृमान् पितृमान् आचार्यवान पुरूषो वेदः' की व्याख्या करते हुए बताया कि व्यष्टि से समष्टि की ओर बढ़ने वाला ही पूर्ण मानव कहलाने का अधिकारी है।

प्राचार्या डॉ0 विजेश्वरी शर्मा ने मुख्य अतिथि का उनके प्रखर उद्बोधन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि आपके बौद्धिक व्याख्यान से प्रतिभागियों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा जो उन्हें उनके भावी जीवन में हमेशा प्रेरणा देगा। प्राचार्या महोदया ने सभी अतिथियों को महाविद्यालय में उपलब्ध वैदिक वाङ्मय व अन्य स्त्रोतों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि अगर आधुनिक शिक्षा में वैदिक दर्शन को भी जोड़ दिया जाए तो समाज में व्याप्त अनेक कुरीतियों का दमन संभव है।

अन्त में महाविद्यालय प्रबन्धक समिति के प्रधान, प्राचार्या व संयोजिका श्रीमती अंजु चावला ने मुख्य अतिथियों को स्मृतिं चिहन् भेंट करके सम्मानित किया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय की सभी प्राध्यापिकाएं, गैर शिक्षक वर्ग और स्नातकोतर कक्षाओं की छात्राएँ उपस्थित रहे। मंच संचालन संयोजिका डॉ0 सुमन राजन ने किया। महाविद्यालय के कुलगीत के साथ कार्यशाला के प्रथम दिवस का उदघाटन सत्र सम्पन्न हुआ।

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

Attested to be true copy
Principal
Dayanand Mahila Mahavidyala
Kurukshetra (Haryana)

दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र
प्रैस–नोट

दिनांक 23.04.2022

आई0 क्यू0 ए0 सी0 एवं आर्य युवती परिषद के संयुक्त तत्वाधान में फैकल्टी डिवलपमेंट कार्यक्रम के अन्तर्गत दयानन्द महिला महाविद्यालय में चल रही पांच दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला, वर्तमान परिपेक्ष्य में वैदिक शिक्षा दर्शन की उपयोगिता के द्वितीय दिन स्वामी विदेह योगी, संस्थापक स्वस्ति पथ, कुरुक्षेत्र, व्याख्याता एवं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

महाविद्यालय प्राचार्या डॉ0 विजेश्वरी शर्मा ने मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। अपने स्वागत सम्बोधन में उन्होंने मुख्य अतिथि का परिचय प्रस्तुत करते हुए बताया कि स्वामी जी ने वेदों में पी0 एच0 डी0 करके भी समाज सेवा के पथ का चुनाव किया। अपना सम्पूर्ण जीवन वैदिक शिक्षा के प्रचार–प्रसार और युवा वर्ग के चरित्र–निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने अपने जीवन–काल में अनेकों शिविरों का आयोजन कर युवा चरित्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

अपने व्याख्यान में स्वामी विदेह योगी जी ने वर्तमान परिपेक्ष्य की विस्तार से व्याख्या की। उन्होंने कहा कि स्वतत्रता प्राप्ति के समय हमसे दो बड़ी भूलें हुई, कि हमने अंग्रेजों द्वारा प्रचलित शिक्षा प्रणाली और नौकरशाही को अपनाया। जिसका नकारात्मक प्रभाव आज के युवा वर्ग और समाज पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

उन्होंने वैदिक शिक्षा के अर्थ और स्वरूप पर प्रकाश डाला और उन्होंने कहा कि भाषा की दृष्टि से गुलाम होना व्यक्ति को स्वतन्त्र चिन्तन नही करने देता। अपनी मातृभाषा के शब्दों की सबसे बड़ी विशेषता है कि उसके साथ हमारी संस्कृति व परम्परा का जुड़ाव होता है। यदि भाषा में बदलाव होता है तो उसके साथ ही हमारी संस्कृति व परम्परा में भी परिवर्तन होता है। अपने वक्तव्य में उन्होंने प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति पर भी प्रकाश डाला। प्राचीन शिक्षा की मुख्य आधार चरित्र–निर्माण, राष्ट्रभक्ति, सदाचार, आचरण की सभ्यता और सुसंस्कृत बनाना था, जबकि वर्तमान शिक्षा पद्धति केवल धन केन्द्रित हो गई है। इसने मनुष्य के शारीरिक और बौद्धिक विकास को अवरुद्ध कर दिया है। अपनी

Attested to be true copy
Principal
Mahila Mahavidyala
Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

मातृभाषा का सम्मान, अपनी संस्कृति से गहरे रूप से जुड़ाव, उच्च चरित्र–निर्माण का प्रयास करने के आह्वान के साथ उन्होंने अपना वक्तव्य समाप्त किया।

मुख्य व्याख्याता स्वामी विदेह स्वामी योगी का आभार अभिव्यक्त करते हुए संयोजिका श्रीमती अंजु चावला ने कहा कि आज के सारगर्भित वक्तव्य के माध्यम से स्वामी जी ने प्राचीन व आधुनिक शिक्षा पद्धति के सभी पक्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अन्त में महाविद्यालय प्राचार्या व संयोजिकाओं ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित किया।

आज कार्यशाला में महाविद्यालय की सभी प्राध्यापिकाएं, गैर शिक्षक वर्ग और स्नातकोत्तर कक्षाओं की छात्राएँ उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ0 आरती अग्रवाल ने किया। महाविद्यालय के कुलगीत के साथ कार्यशाला के द्वितीय दिवस का समापन हुआ।

Attested to be true copy

Principal
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra (Haryana)

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

## दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र
## प्रैस–नोट

दिनांक 25.04.2022

दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र में आयोजित की जा रही पांच दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला, 'वर्तमान परिपेक्ष्य में वैदिक शिक्षा दर्शन की उपयोगिता' के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप मे प्रो0 सुरेन्द्र कुमार, प्रोफेसर संस्कृत विभाग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक उपस्थित रहे।

महाविद्यालय प्रबंध समिति के प्रधान डॉ0 राजेन्द्र विद्यालंकार व प्राचार्या डॉ0 विजश्वरी शर्मा ने मुख्य अतिथि को पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। उनका औपचारिक परिचय देते हुए माननीय राजेन्द्र विद्यालंकार जी ने बताया कि प्रो0 सुरेन्द्र कुमार पिछले 32 वर्षो से अध्यापन से जुड़े हुए हैं। इन्होंने अपनी सम्पूर्ण शिक्षा गुरूकुलीय पद्धति से करते हुए गुरूकुल एटा, गुरूकुल ज्वालापुर एवं गुरूकुल कांगड़ी, हरिद्वार से अध्ययन किया। वेद, दर्शन और व्याकरण का संगम आचार्य सुरेन्द्र कुमार में देखा जा सकता है।

अपना वक्तव्य रखते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि मानव को सभ्य मनुष्य के रूप में विकसित होने में वैदिक शिक्षा दर्शन का महत्वपूर्ण योगदान है। यह मनुष्य के जन्म–जन्मांतर के कुसंस्कारों के प्रभावों को समाप्त करके उसे सुसंस्कृत बना देता है। उन्होंने अध्ययन की सार्थकता बताते हुए कहा कि मनुष्य को हमेशा अध्ययनशील रहना चाहिए, हो सकता है कि अध्ययन सभी को विद्वान् न बना सके परन्तु सभी को सभ्य अवश्य बना देता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि अध्ययन केवल अर्थ आधारित न होकर मानवता और मूल्य आधारित होना चाहिए।

उन्होंने वैदिक शिक्षा दर्शन के अनुसार 'सर्वांगीण विकास' अवधारणा की विस्तार से व्याख्या की। आत्मा, मन और बुद्धि का समायोजन होने पर ही सर्वांगीण विकास हो सकता है। प्राचीन काल में इसी दृष्टिकोण से अध्ययन–अध्यापन होता था, परन्तु आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में इन तत्वों की उपेक्षा की गई है। मानव जीवन में सुख, सामंजस्य, विकास और मानवीय मूल्यों की स्थापना के लिए इस युग में वैदिक शिक्षा दर्शन की अत्यंत आवश्यकता है।

Attested to be true copy

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

Principal
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 विजेश्वरी शर्मा ने मुख्य अतिथि, सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और श्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि आज के सत्र में मुख्य वक्ता ने शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य एवं समाज में उसके महत्त्व पर विस्तार से प्रकाश डाला है।

अन्त में महाविद्यालय प्रधान, प्राचार्या व संयोजिकाओं ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित किया।

आज कार्यशाला में महाविद्यालय की सभी प्राध्यापिकाएं, गैर शिक्षक वर्ग और विज्ञान एवं कला संकाय की छात्राएँ उपस्थित रही। मंच संचालन डॉ0 रीजा ने किया। महाविद्यालय के कुलगीत के साथ कार्यशाला के तृतीय दिवस का समापन हुआ।

Seema

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

Attested to be true copy

Principal
Dayanand Mahila Mahavidyala
Kurukshetra (Haryana)

दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र

प्रैस–नोट

दिनांक 26.04.2022

आई0 क्यू0 ए0 सी0 और आर्य युवती परिषद् के संयुक्त तत्वाधान में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अर्न्तगत दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में चल रही पंच दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला, 'वर्तमान परिपेक्ष्य में वैदिक शिक्षा दर्शन की उपयोगिता' के चौथे दिन आयोजित ऑनलाइन व्याख्यान में डॉ0 वागीश आचार्य जी (प्राचार्य, आर्य गुरूकुल महाविद्यालय, एटा) मुख्यातिथि व मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्रबन्धक समिति के माननीय प्रधान जी ने मुख्यातिथि का स्वागत एवं परिचय प्रस्तुत करते हुए बताया कि डॉ0 वागीश आचार्य जी सौम्य व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति रहे हैं। देश–विदेश में लोकप्रिय रहे आचार्य जी अपनी वाणी की कला से सुनने वाले श्रोताओं को बांध लेते हैं। उनके तर्कों और चिन्तन में अत्यधिक स्पष्टता एवं सदैव मार्गदर्शन विद्यमान रहता है। उन्होंने वैदिक शिक्षा, वैदिक दर्शन का गम्भीर चिन्तन किया है, सरल व्यक्तित्व के धनी ऐसे विद्वान् आज की कार्यशाला में अपना वैदुष्यपूर्ण वक्तव्य प्रस्तुत करेंगें। आज की कार्यशाला में आयोजित ऑनलाइन व्याख्यान में मुख्य वक्ता ने कहा कि वेदों में ईश्वरीय ज्ञान व्याप्त है। मनुष्य के अतिरिक्त सृष्टि के सभी जीवों को जन्म से ही ज्ञान प्राप्त हो जाता है, परन्तु मनुष्य परम्परागत पद्धति से ही इस ज्ञान को ग्रहण कर पाता है। मनुष्य को मनुष्य बनाने के लिए विद्या रूपी उपक्रम की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त मनुष्य को मनुष्य बनाने में माता, पिता, गुरू, तीनों का सबसे बड़ा ऋण माना जाता है। वैदिक शिक्षा दर्शन शरीर, बुद्धि, मन व आत्मा इन चारों स्तरों पर व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करता है। वैदिक संस्कारों का मनुष्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज की शिक्षा पद्धति का मन को सुसंस्कृत बनाने में कोई योगदान नहीं है। वह एकांगी है, इसलिए मनुष्य का सर्वांगीण विकास नहीं हो पाता। वेदों में प्रतिपादित विषय ज्ञान, धर्म, उपासना हैं। उन्होंने कहा कि धर्म का विधान पशु पक्षियों के लिए न होकर मनुष्य के लिए है। वैदिक शिक्षा पद्धति सत्य–असत्य, उचित–अनुचित के भेद का ज्ञान मनुष्य को प्रदान करती है और संवेदनाओं का विकास करती है। व्यक्ति के ज्ञानवान

...ted to be true copy

Principal
...anand Mahila Mahavidyala
...(Haryana)

Convener
IQAC
Dayanan... Mahila Mahavidyalaya
Kur...

होने का अर्थ है नीर–क्षीर विवेक से सत्य–असत्य का निर्धारण करना। ये ज्ञान वैदिक दर्शन के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है।

महाविद्यालय प्राचार्या डॉ० विजेश्वरी शर्मा ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि माननीय आचार्य जी ने अपने वक्तव्य के माध्यम से सभी प्रातिभागियों को वैदिक शिक्षा दर्शन के प्रति उत्सुक करने के साथ–साथ उसे जीवन में धारण करने के लिए प्रेरित किया है। आधुनिक शिक्षा ने जीवन से जुड़े उन सभी महत्वपूर्ण वैदिक संस्कारों को पीछे छोड़ दिया है, जो मानव जीवन का सर्वांगीण विकास करते हैं। आज सभी भौतिक विकास के पीछे दौड़ रहे हैं जिससे मनुष्य का आत्मिक विकास बाधित हो गया है। हम केवल मशीन बन गए हैं और संवेदनशीलता को भूल गए हैं। यही कारण है कि विश्व में अशाति का वातावरण बढ़ता जा रहा है। अन्त में प्राचार्या महोदया ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

Attested to be true copy

Principal
Dayanand Mahila Mahavidyala
Kurukshetra (Haryana)

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र
प्रैस–नोट

दिनांक 27.04.2022

दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित पांच दिवसीय शैक्षिक कार्यशाला के समापन समारोह में आचार्य देवव्रत जी, महामहिम राज्यपाल, गुजरात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। छात्राओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महामहिम राज्यपाल, गुजरात ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। इन गौरवमयी क्षणों में श्री नायब सिंह सैनी, सांसद कुरुक्षेत्र, श्री सुभाष सुधा, विधायक थानेसर, डॉ0 राजेन्द्र विद्यालंकार, प्रधान, महाविद्यालय प्रबंधक समिति, श्री राम स्वरूप नैन, महासचिव, महाविद्यालय प्रबंधक समिति, डॉ0 विजेश्वरी शर्मा, प्राचार्या महाविद्यालय, डॉ0 सुमन राजन, संयोजिका, आर्य युवती परिषद् और श्रीमती अंजु चावला, संयोजिका, आई0 क्यू ए0 सी0 उपस्थित रहे।

महाविद्यालय की संगीत विभाग की छात्राओं ने स्वागत गीत के माध्यम से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। महाविद्यालय प्रबंधक समिति के प्रधान डॉ0 राजेन्द्र विद्यालंकार ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का परिचय सदन के सामने प्रस्तुत करते हुए स्वागत किया। उन्होंने कहा कि माननीय आचार्य देवव्रत जी ने जैविक खेती उत्पादन का प्रणयन किया जिसके परिणाम स्वरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्तमान बजट में भी जैविक कृषि के लिए अंश निर्धारित किया है। ऐसी विलक्षण प्रतिभा को अपने बीच पा कर महाविद्यालय परिवार अपने आप को गौरवमयी और सौभाग्यशाली मान रहा है।

डॉ0 राजेन्द्र विद्यालंकार ने सांसद नायब सिंह सैनी और विधायक सुभाष सुधा व अन्य सभी गणमान्य जनों का हार्दिक अभिनन्दन और स्वागत किया।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कार्यशाला संयोजिका डॉ0 सुमन राजन ने पंचदिवसीय कार्यशाला, 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वैदिक शिक्षा दर्शन की उपयोगिता' के बीते चारों दिनों का संक्षिप्त कार्यशाला विवरण प्रस्तुत करते हुए सभी चारों व्याख्याताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए व्याख्यानों का सार सदन के सामने रखा।

कार्यशाला के सन्दर्भ में सम्बोधित करते हुए विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि वैदिक शिक्षा से प्राचीन कोई शिक्षा नहीं थी, परन्तु वर्तमान में उसकी उपयोगिता और महत्त्व को

Attested to be true copy
Principal
Mahila Mahavidyala
Kurukshetra (Haryana)

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

भुला दिया है। उन्होंने दयानंद महिला महाविद्यालय को नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

कुरूक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी ने अपने सम्बोधन में कहा कि वैदिक शिक्षा पद्धति ने गुरू–शिष्य की पवित्र परम्परा को जन्म दिया था, जिसे आचार्य देवव्रत जी अपने जीवंत प्रयासों से प्रचारित–प्रसारित कर रहे हैं। वैदिक शिक्षा का मूल आधार संस्कार और मानवीय मूल्य होते हैं, जिनका पालन करके कोई भी समाज सभ्य बन सकता है, इसलिए वैदिक शिक्षा दर्शन की प्रासंगिकता हमेशा बनी रहेगी।

मुख्य अतिथि माननीय देवव्रत जी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए दयानन्द महिला महाविद्यालय को 40 वर्षों की गौरवशाली यात्रा के लिए बधाई दी। इस महाविद्यालय की स्थापना करके इसके संस्थापकों ने कुरूक्षेत्र जिले की शहरी व ग्रामीण परिवेश की बेटियों को शिक्षित करने का महत्वपूर्ण अनुष्ठान करके पवित्र यज्ञ किया है।

प्रतिभाशाली छात्राओं ने अपनी उपलब्धियों से इस महाविद्यालय की गरिमा को चार चाँद लगाए हैं। वैदिक शिक्षा दर्शन विषय पर चल रही कार्यशाला का प्रतिभागी होने पर सभी छात्राओं को बधाई देते हुए, उन्होंने कहा कि दयानंद महिला महाविद्यालय अपनी परम्परा के अनुरूप छात्राओं को संस्कारित करने के साथ–साथ उनके सर्वांगीण विकास पर बल देता है। भोगवादी संस्कृति के पनपने के कारण मूल्य और संस्कार उपेक्षित होते चले गए हैं, जिससे वास्तविक मानव का विकास रूक गया है। इसी का परिणाम समाज में फैली बुराईयां और कुरीतियों के रूप में हमारे सामने है। वैश्विक स्तर पर अशांति और युद्ध के माहौल से असुरक्षा की भावना प्रबल है। उन्होंने लार्ड मैकाले की शिक्षा नीति की आलोचना करते हुए कहा कि इसने भारत की स्थिति को बेहतर बनाने की अपेक्षा बदतर किया है। वर्तमान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के माध्यम से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस स्थिति में परिवर्तन करने की चुनौती को स्वीकार किया है, उन्होंने भारत को सुखद भविष्य की ओर ले जाने का संकल्प लिया है।

उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी दयानंद सरस्वती व आर्य समाज के योगदान पर भी प्रकाश डाला। भारतीय वैदिक दर्शन सर्वे भवन्तु सुखिनः और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को प्रसारित करता है।

Attested to be true copy

Principal
Dayanand Mahila Mahavidyala
Kurukshetra (Haryana)

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

महाविद्यालय प्रबन्ध समिति प्रधान एवं प्राचार्या महोदया ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति महासचिव एवं संयोजिका डॉ0 सुमन राजन ने सांसद कुरूक्षेत्र को स्मृति चिन्ह भेंट किया। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति महासचिव एवं संयोजिका श्रीमती अंजु चावला ने विधायक कुरूक्षेत्र को स्मृति चिन्ह भेंट किया। अन्त में महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया ने आज के कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं गणमान्य अतिथियों, प्रबन्ध समिति, प्राध्यापिकाओं एवं छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होने कहा कि माननीय आचार्य देवव्रत जी, राज्यपाल गुजरात की गौरवमयी उपस्थिति, तेजोमयी व्यक्तित्व एवं ओजस्वी वक्तव्य के लिए महाविद्यालय परिवार हार्दिक आभार अभिव्यक्त करता है। उन्होंने मुख्य अतिथि को विश्वास दिलाते हुए कहा कि प्रदेश का अग्रणी यह महाविद्यालय भविष्य में भी नारी शिक्षा तथा उसके सर्वांगीण विकास के लिए अपना सर्वस्व देकर आगे बढ़ने का प्रयास करता रहेगा।

उन्होंने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए आई0 क्यू0 ए0 सी0 एवं आर्य युवती परिषद् की संयोजिकाओं एवं सदस्याओं को बधाई दी। कार्यक्रम में मंच संचालन कार्यशाला संयोजिका श्रीमती अंजु चावला ने किया। राष्ट्रगान के साथ समारोह सम्पन्न हुआ।

Attested to be true copy

Principal
...ahila Mahavidyala
...(Haryana)

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

# अमर उजाला

28.04.2022

विचार

दयानंद महिला महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में बोले राज्यपाल आचार्य देवव्रत

# भोगवादी संस्कृति से मूल्यों, संस्कारों की उपेक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय शैक्षिक कार्यशाला का बुधवार को समापन हुआ। मुख्यातिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत छात्राओं को संबोधित करते हुए भोगवादी संस्कृति के पनपने के कारण मूल्य और संस्कार उपेक्षित होते चले गए हैं, जिससे वास्तविक मानव का विकास रुक गया है। इसी का परिणाम समाज में फैली बुराइयां और कुरीतियों के रूप में हमारे सामने है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अशांति और युद्ध के माहौल से असुरक्षा की भावना प्रबल है। उन्होंने लार्ड मैकाले की शिक्षा नीति की आलोचना करते हुए कहा कि इसने भारत की स्थिति को बेहतर बनाने की अपेक्षा बदतर किया है। वर्तमान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से प्रधानमंत्री ने इस स्थिति में परिवर्तन करने की चुनौती को स्वीकार किया है, उन्होंने भारत को सुखद भविष्य की ओर ले जाने का संकल्प लिया है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी दयानंद सरस्वती व आर्य समाज के योगदान पर भी प्रकाश डाला।



डीएन कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में मंचासीन राज्यपाल आचार्य देवव्रत व अन्य।

सांसद नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि वैदिक शिक्षा पद्धति ने गुरु-शिष्य की पवित्र परंपरा को जन्म दिया था, जिसे आचार्य देवव्रत अपने जीवंत प्रयासों से प्रचारित-प्रसारित कर रहे हैं। वैदिक शिक्षा का मूल आधार संस्कार और मानवीय मूल्य होते हैं, जिनका पालन करके कोई भी समाज सभ्य बन सकता है, इसलिए वैदिक शिक्षा दर्शन की प्रासंगिकता हमेशा बनी रहेगी।

विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि वैदिक शिक्षा से प्राचीन कोई शिक्षा नहीं थी। वर्तमान में उसकी उपयोगिता और महत्व को भुला दिया गया है। कार्यशाला संयोजिका डॉ. सुमन राजन ने बीते चारों दिनों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने कार्यशाला के आयोजन के लिए आईक्यूएसी एवं आर्य युवती परिषद की संयोजिकाओं एवं सदस्यों को बधाई दी। कार्यशाला का संचालन अंजू चावला ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. राजेंद्र विद्यालंकार, राम स्वरूप नैन आदि उपस्थित रहे।

...ested to be true copy

P...
... ...la Mahavidyala
Kurukshetra (Haryana)

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

दैनिक जागरण
28 अप्रैल, 2022

# दयानंद महाविद्यालय छात्राओं को बना रहा है संस्कारवान : देवव्रत

## शैक्षिक कार्यशाला के समापन पर पहुंचे गुजरात के राज्यपाल

जागरण संवाददाता, कुरुक्षेत्र : गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि दयानंद महिला महाविद्यालय अपनी परंपरा अनुरूप छात्राओं को संस्कारित कर उनका सर्वांगीण विकास कर रहा है। भोगवादी संस्कृति के पनपने के कारण मूल्य और संस्कार उपेक्षित होते चले गए हैं, जिससे वास्तविक मानव का विकास रुक गया है। वह बुधवार को दयानंद महिला महाविद्यालय में आयोजित शैक्षिक कार्यशाला के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि संस्कार उपेक्षित होने का परिणाम समाज में फैली बुराइयों और कुरीतियों के रूप में हमारे सामने है। वैश्विक स्तर पर अशांति और युद्ध के माहौल से असुरक्षा की भावना प्रबल है।

उन्होंने कहा कि लार्ड मैकाले की शिक्षा नीति ने भारत की स्थिति को बेहतर बनाने की अपेक्षा बदतर किया है। महाविद्यालय प्रबंधक समिति के प्रधान डा. राजेंद्र विद्यालंकार ने कहा कि राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने जैविक खेती उत्पादन का प्रणयन किया। देश के वर्तमान बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर जैविक कृषि के लिए अंश निर्धारित किया है।



दयानंद महिला महाविद्यालय में कार्यशाला में पहुंचे गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को पुष्पगुच्छ भेंट करते सांसद नायब सिंह सैनी व विधायक सुभाष सुधा। ● सौ. संस्थान

### वैदिक शिक्षा पद्धति ने गुरु-शिष्य की परंपरा को जन्म दिया : नायब सैनी

सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि वैदिक शिक्षा पद्धति ने गुरु-शिष्य की पवित्र परंपरा को जन्म दिया था। वैदिक शिक्षा का मूल आधार संस्कार और मानवीय मूल्य होते हैं। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि वैदिक शिक्षा से प्राचीन कोई शिक्षा नहीं थी। समाज ने उसकी उपयोगिता और महत्व को भूला दिया है।

### विधायक सुधा को स्मृति चिह्न किया भेंट

कार्यशाला संयोजिका डा. सुमन राजन ने कार्यशाला का संक्षिप्त विवरण दिया। महाविद्यालय प्रबंध समिति महासचिव एवं संयोजिका अंजु चावला ने थानेसर विधायक को स्मृति चिह्न प्रदान किया। इस मौके पर महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव राम स्वरूप नैन, प्राचार्या डा. विजेश्वरी शर्मा, जगदीश आर्य, डा. रामेंद्र सिंह मौजूद रहे।

Attested to be true copy

Principal
...Mahila Mahavidyala
Kurukshetra (Haryana)

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

**पंजाब केसरी**

28 अप्रैल 2022

# दयानंद महिला महाविद्यालय में आयोजित 5 दिवसीय शैक्षिक कार्यशाला सम्पन्न

कुरुक्षेत्र, 27 अप्रैल (विनोद अरोड़ा) : दयानन्द महिला महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय शैक्षिक कार्यशाला के समापन समारोह में आचार्य देवव्रत, महामहिम राज्यपाल, गुजरात मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। छात्राओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महामहिम राज्यपाल, गुजरात ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया।

इन गौरवमयी क्षणों मे नायब सिंह सैनी सांसद कुरुक्षेत्र, सुभाष सुधा विधायक थानेसर, डा. राजेन्द्र विद्यालंकार प्रधान महाविद्यालय प्रबंधक समिति राम स्वरूप जैन महासचिव, महाविद्यालय प्रबंधक समिति, डा. विजेश्वरी शर्मा प्राचार्या महाविद्यालय, डा. सुमन राजन संयोजिका आर्य युवती परिषद् और अंजु चावला संयोजिका आई क्यू.ए.सी. उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रबंधक समिति के प्रधान डा. राजेन्द्र विद्यालंकार ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का परिचय सदन के सामने प्रस्तुत करते हुए स्वागत किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कार्यशाला संयोजिका डा. सुमन राजन ने पंचदिवसीय कार्यशाला, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वैदिक शिक्षा दर्शन की उपयोगिता के बीते चारों दिनों का संक्षिप्त कार्यशाला विवरण प्रस्तुत करते हुए सभी चारों व्याख्याताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए व्याख्यानों का सार सदन के सामने रखा। कार्यशाला के सन्दर्भ में सम्बोधित करते हुए विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि वैदिक शिक्षा से प्राचीन कोई शिक्षा नहीं थी, परन्तु वर्तमान में उसकी उपयोगिता और महत्व को भूला दिया है। कुरूक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी ने अपने सम्बोधन में कहा कि वैदिक शिक्षा पद्धति ने गुरू-शिष्य की पवित्र परम्परा को जन्म दिया था, जिसे आचार्य देवव्रत जी अपने जीवंत प्रयासों से प्रचारित-प्रसारित कर रहे हैं। मुख्यातिथि आचार्य देवव्रत ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए दयानन्द महिला महाविद्यालय को 40 वर्षो की गौरवशाली यात्रा के लिए बधाई दी।



*मुख्यातिथि का पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत करते सांसद, विधायक व प्रबंध समिति के सदस्य।* *(अरोड़ा)*

इस महाविद्यालय की स्थापना करके इसके संस्थापकों ने कुरूक्षेत्र जिले की शहरी व ग्रामीण परिवेश की बेटियों को शिक्षित करने का महत्वपूर्ण अनुष्ठान करके पवित्र यज्ञ किया है। वर्तमान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस स्थिति में परिवर्तन करने की चुनौती को स्वीकार किया है, उन्होंने भारत को सुखद भविष्य की ओर ले जाने का संकल्प लिया है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी दयानंद सरस्वती व आर्य समाज के योगदान पर भी प्रकाश डाला। भारतीय वैदिक दर्शन सर्वे भवन्तु सुखिनः और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को प्रसारित करता है। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति द्वारा अतिथिओं को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में मंच संचालन अंजु चावला ने किया।

A...sted to be true copy

Princi...
Dayana... ...a Mahavidyala
Kuruks...a (Haryana)

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

अमर उजाला
27.04.2022

# वेदों में व्याप्त है ईश्वरीय ज्ञान : डॉ. वागीश आचार्य



डीएन कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में हिस्सा लेती शिक्षिकाएं व छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

कुरुक्षेत्र। आईक्यूएसी और आर्य युवती परिषद के संयुक्त तत्वाधान में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत दयानंद महिला महाविद्यालय चल रही पांच दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला में चौथे दिन आयोजित ऑनलाइन व्याख्यान में आर्ष गुरुकुल महाविद्यालय, एटा के प्राचार्य डॉ. वागीश आचार्य में मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की।

उन्होंने कहा कि वेदों में ईश्वरीय ज्ञान व्याप्त है। मनुष्य के अतिरिक्त सृष्टि के सभी जीवों को जन्म से ही ज्ञान प्राप्त हो जाता है, लेकिन मनुष्य परंपरागत पद्धति से ही इस ज्ञान को ग्रहण कर पाता है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को मनुष्य बनाने के लिए विद्या रूपी उपक्रम की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त मनुष्य को मनुष्य बनाने में माता, पिता, गुरु, तीनों का सबसे बड़ा ऋण माना जाता है। वैदिक संस्कारों का मनुष्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि धर्म का विधान पशु पक्षियों के लिए न होकर मनुष्य के लिए है। वैदिक शिक्षा पद्धति सत्य-असत्य, उचित-अनुचित के भेद का ज्ञान मनुष्य को प्रदान करती है और संवेदनाओं का विकास करती है।

प्राचार्य डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने कहा कि आधुनिक शिक्षा ने जीवन से जुड़े उन सभी महत्वपूर्ण वैदिक संस्कारों को पीछे छोड़ दिया है, जो मानव जीवन का सर्वांगीण विकास करते हैं। आज सभी भौतिक विकास के पीछे दौड़ रहे हैं, जिससे मनुष्य का आत्मिक विकास बाधित हो गया है। हम केवल मशीन बन गए हैं और संवेदनशीलता को भूल गए हैं। यही कारण है कि विश्व में अशांति का वातावरण बढ़ता जा रहा है।

Attested to be true copy

Principal
...ahila Mahavidyala
Kurukshetra (Haryana)

Convener
IQAC
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra

पंजाब केसरी
27 अप्रैल 2022

# वैदिक संस्कारों का मनुष्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान : डा. वागीश

कुरुक्षेत्र, 26 अप्रैल (विनोद अरोड़ा) : आई.क्यू.ए.सी. और आर्य युवती परिषद् के संयुक्त तत्वाधान में फैकल्टी डैवलपमेंट प्रोग्राम के अन्तर्गत दयानन्द महिला महाविद्यालय में चल रही पंच दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला, वर्तमान परिपेक्ष्य में वैदिक शिक्षा दर्शन की उपयोगिता के चौथे दिन आयोजित ऑनलाइन व्याख्यान में डा. वागीश आचार्य (प्राचार्य, आर्य गुरुकुल महाविद्यालय, एटा) मुख्यातिथि व मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्रबन्धक समिति के प्रधान ने मुख्यातिथि का स्वागत एवं परिचय प्रस्तुत करते हुए बताया कि डा. वागीश आचार्य जी सौम्य व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति रहे हैं।

